SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION

हिन्दी परीक्षा
Mark: 80

Time : 2.45
Cool off Time : 15 Minutes

सूचना के अनुसार । से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखों । 5 X 1 = 5

1. "मातृभूमि" कविता किनकी रचना है ?
   (पवन करण, मैथिलीशरण गुप्त, जयशंकर प्रसाद)
2. मज़दूरिन की रसोई की शान किससे बढती है ?
   (मैक्रोवेव, होमतियेट्टर, टी.वी)
3. 'कुमुदफूल बेचनेवाली लडकी' नामक कविता में 'मृतजल साँप ज्यों' ऐसा कवि किसे कहा है ?
   (सरोवर, कुमुदफूल, देवालय)
4. 'मेरे भारतवासियो' किस विधा की रचना है ?
   (कविता, कहानी, भाषण)
5. सातवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन कहाँ पर हुआ ?
   (सूरिनाम, ब्रिटन, अमेरिका)

सूचना :- निम्न लिखित कवितांश पढें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखे।

मै ने उसके चेहरे से उसे
कभी नही पहचाना
केवल उस नंबर से जाना
जो उसकी लाल कमीज़ पर टंका होता ।
आज जब अपना सामान खुद उठाया
एक आदमी का चेहरा याद आया ।

6. कूली के लाल कमीज़ पर क्या टंका था ? **1**
7. सामान खुद उठाते वक्त कवि को क्या याद आया ? **2**
8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखे ? **6**

सूचना 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर लिखें। 2 X 2 =4

9. 'तुझे चढाकर भला क्या पाऊँ मैं '- कवि ऐसा क्यो सोचते है?
10. पति द्वारा उपेक्षित मुरकी राजवंती माँ के पास कैसे पहुँच गई?
11. मातृभूमि से कवि का बचपन कैसे जुडा है?
12. रजिस्ट्री के पहले पिताजी को खेत देखने की इच्छा हुई क्यो?
13. स्कूटरवाला राहगिरों की मदद कैसे करता है?

सूचना :- 14 से 17 तक के प्रश्नों में से किन्ही तीन के उत्तर लिखें । 3 X 4 =12

14. 'हाइकू' का भाव लिखें?
    जिन्हे न होता
    दर्द का अहसास
    आँसू ओस है ।

15. जीवन वृत्त पढें और आनंद बक्शी के बारे में अनुच्छेद तैयार करे ।

जीवन वृत्त

नाम	:	आनंद बक्शी
जन्म	:	**1930**
जन्मस्थान	:	पाकिस्तान के रावलपिण्डी
विशेषता	:	करीब **4000** फिल्मी गीत लिखे
पुरस्कार	:	फिलिम फेयर, ऐ, ऐ एफ, ए पुरस्कार
मृत्यु	:	**2002** मुबई मे

16. बहादुरशाह ज़फर के पत्र के निम्नलिखित वाक्य पढे?

१. तीन दफा सुनने के बाद भी दिल को करार नही आया ।

२. दिल्लीवाले मुझको रोते होगे । वे क्या यह नही जानते कि मै भी उनको रोता हूँ ।

उपर्युक्त वाक्यों के आधार पर बादशाह के चरित्र पर टिप्पणी लिखे ।

17. कवितांश पढें और व्याक्या करें ।

खाने पीने सोने के
अलग अलग कमरे
रसोई यादि बैठक के
निकट रखती तो
पूजा का कमरा कहाँ होगा

सूचना :- गद्यांश पढे और 18 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

इतिहास के आरंभ के साथ ही भारत ने अपनी अंतहीन खोज़ प्रारंभ की और न जाने कितनी ही सदियाँ इसकी भव्य सफलताओं और असफलताओं से भरी हुई हैं । चाहे अच्छा वक्त हो या बुरा,भारत ने कभी इस खोज से अपनी दृष्टि नही हटाई और कभी भी अपने उन आदर्शो को नही भूला जिसने इसे शक्ति दी ।

18. भारत ने अपनी अंतहीन खोज कब से प्रारंभ की ? (2)

19. गद्यांश का संक्षेपण करें ? (6)

सूचना :- 20 से 24 तक के किन्ही तीन के उत्तर लिखें । (3 x 6 =18)

20. पद पढें और भावार्थ लिखें ?

जबहि बन मुरली स्त्रवन परि
चकित भई गोप कन्या सब धाम काम बिसरी ।।
कुल मरजाद बेद की आज्ञा नेकहु नाहि डरी ।
स्याम सिंधु सरिता ललनागन जल की ढरनी ढरी ।
सुत पति नेह भवन जन संका लज्जा नही करी ।
सूरदास प्रभु मन हरी लीन्हो नागर नवल हरी ।।

21. 'भटके हुए पीर' के बारे मे अखबार में एक विशेष समाचार छपता है । वह समाचार तैयार करे ।
(सहायक संकेत : माँ का उपदेश - राहगिरों को पानी पिलाना - दिल के रिश्ते जोडना)

22. रजिस्ट्री के एक दिन पहले पिताजी खेत देखने की इच्छा पुत्र से प्रकट करते हैं । पिता और पुत्र

के बीच का वार्तालाप तैयार करें ?

23. सूरिनाम में सातवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन मना रहे है । इसकेलिए उचित पोस्टर तैयार करें ।

24. गद्याशं का हिन्दी में अनुवाद करें

Water is precious. we use water for drinking. It is used for cooking food too. Water is also needed for farming. So we must not waste water.

Precious - अमूल्य, Farming - खेती

25. सही मिलान करे **8**

Accountancy - सर्वाधिकार
Bacteria - अर्थशास्त्र
Copyright - लेखाशास्त्र
Discount - प्रतिमान
Economics - जीवाणु
Gravitation - अनुपात
Pattern - बट्टा
Ratio - गुरुत्वाकर्षण

सूचना 26 से 27 प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर लिखें । (2 x 8 = 16)

26. कोरोणा केलिए बाज़ार में एक नयी दवा आगयी है इसकी बिक्री बढाने के लिए विज्ञापन तैयार करे

१. तुरंत असर
२. शीघ्र रोगमुक्ति
३. दुषप्रभाव मुक्त

27. सालों बाद राजवंती अपनी आत्मकथा लिखती है उसमे वह मुरकी का जिक्र भी करती है । वह आत्मकथांश तैयार
करें ।

28. 'शाम की गाडी आ गई और लडका भी आ गया । उसने कमेर में घुसते ही देखा कि पिताजी कविता पढ रहे हैं
और उनके मित्र मरे पडे हैं '।

इस घटना के बारे में लडका अपने मित्र को पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें ।

1. Olwin Perera
   HSS T Hindi
   Govt. Brennen HSS
   Thalassery.
2. Anitha Vatavathy
   KPCHSS Pattannur
3. Smitha Keloth
   St. Thomas HSS
   Kelakam
4. Smitha T.K.
   GHSS Chundangapoyil
5. Femina Das
   Sacred Heart Girls HSS
   Thalassery
6. Sheeja V.C.
   GHSS, Chirakkara
7. Manjula E
   KNHSS Kariyad
8. Aiswarya P.K.
   PGMGHSS
   Cheruvanchery
9. Joshna T. B.
   Excel Public School, Mahe